# हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम



# 2. ABOUT US (हमारे बारे में)

हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम का शुभारंभ महिला एवं यूथ उत्पीड़न निवारण मंच ट्रस्ट द्वारा संचालित दिनांक 4 नवंबर 2023 को किया गया था।

आश्रम का पता मकान नं. 623, राम द्वार (राम द्वार), अर्बन एस्टेट फेज-2,
हिसार, हरियाणा

अब



---


Naveen Jindal
Apr 17, 2020 ·

मंजु रानी के जज़्बे को सलाम 🙏

प्रेरणात्मक घर में अकेली कमाने वाली फिर भी प्रतिदिन 100 लोगों को भोजन पहुंचा रही मंजु रानी

सलाम इस कम्प्यूटर ऑप्रेटर के जज्बे को

हिसार नगर निगम में है कच्ची कर्मचारी, पूरा परिवार बनाता है भोजन और बांटते हैं झुग्गी-झोंपड़ियों में

अभी पहली सैलरी भी नहीं आई

स्वयं पुरियां तलने में जुटी मंजू रानी।



पहले



# महिला एवं यूथ उत्पीड़न निवारण मंच ट्रस्ट( TRUST REGISTRATION NO.: 9373) उद्देश्य



शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सामुदायिक स्तर पर छोटी-छोटी मीटिंग्स आयोजित करना




- विद्यार्थियों के लिए डिजिटल पुस्तकालय, कोचिंग सेंटर एवं काउंसलिंग सेंटर की स्थापना
- बेटियों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण उपलब्ध कराना



समय-समय पर रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन



**हमारा प्रयास-मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम ने करवाया मंदबुद्धि बच्ची का ऑपरेशन**

नभ-छोर न्यूज ⏭ 28 मई

हिसार। हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम की एक मंदबुद्धि लड़की को सिर में दर्द रहने की शिकायत के बाद चिकित्सा जांच में उसकी नसों की ब्लॉकिज पाया गया। इसके बाद आश्रम की टीम ने उसका ऑपरेशन करवाया जो सफल रहा। आश्रम की टीम ने अपने सभी सहयोगी सदस्यों का धन्यवाद भी किया। आश्रम टीम पदाधिकारियों के अनुसार यह मंदबुद्धि लड़की पूजा कुछ दिन पूर्व ही आश्रम में आई थी। उसे पिछले तीन-चार दिन से सिर में दर्द हो रहा था। आश्रम की टीम जब उसकी चिकित्सीय जांच करवाई तो पता चला कि काफी समय से दिक्कत है जिस वजह से इसकी नसों में ब्लॉकिज हो गई है और इसकी जान को भी खतरा है। तुरंत इसका ऑपरेशन करना पड़ेगा। हमारा प्रयास आश्रम की टीम ने पूजा का तुरंत प्रभाव से ऑपरेशन करवाया गया जो सभी लोगो के प्रयास से सफल रहा। ऑपरेशन के दौरान संस्था के पदाधिकारी अनिल बागड़ी, सुमित्रा बागड़ी, सुशील गौतम फ्रांसी, मंजू रानी, रविता सहारवा, अलका चौधरी, डॉ. संजय मित्तल, डॉ. पंकज अरोड़ा, स्नेहा, सुनीता तंवर, किरण आदि मौजूद रहे।

- महिलाओं एवं बेटियों पर हो रहे अत्याचार के मामलों में प्रशासन के माध्यम से सहायता एवं सहयोग प्रदान करना
- मंदबुद्धि, बेसहारा एवं लाचार महिलाओं व बेटियों को संरक्षण एवं देखभाल प्रदान करना







- गाँव-गाँव में खेलों को बढ़ावा देने हेतु खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन
- संस्था द्वारा (56) क्रिकेट टीम के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया|



- जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं स्टेशनरी वितरित करना
- समय-समय पर कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करना



महिलाओं एवं बेटियों को सिलाई, ब्यूटी पार्लर आदि के माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करना



गरीब कन्याओं के विवाह हेतु सहयोग प्रदान करें

# आश्रम के उद्देश्य:

01 मंदबुद्धि, मूक-बधिर, लाचार एवं बेसहारा महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करना।

02 इन महिलाओं को पौष्टिक भोजन, उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा रहने के लिए उचित व्यवस्था उपलब्ध कराना।

03 मंदबुद्धि, मूक-बधिर, लाचार एवं बेसहारा महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करना।

04 लाचार महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करना और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने योग्य बनाना।

05 मंदबुद्धि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना एवं उनके प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना।

06 शिक्षा प्राप्त करने योग्य महिलाओं को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना।

# आश्रम की स्थापना की प्रेरणादायक कहानी

आश्रम की कहानी रूपा से शुरू होती है। रूपा की यह कहानी एक दर्दनाक दास्तां है, जो हमें समाज की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के लिए मजबूर करती है। वह एक मंदबुद्धि महिला थी, जो अपने अधिकारों के लिए लड़ने में असमर्थ थी, लेकिन फिर भी उसने अपने जीवन को बदलने का प्रयास किया।

हमारी टीम एक पीड़ित महिला के मामले के दौरान नारनौद गई हुई थी, जहाँ हमें रूपा के बारे में जानकारी मिली। बिजली घर में हमारे एक साथी ने बताया कि पास के मंदिर में रूपा नाम की एक महिला रहती है। उसका पति उसे किसी दूसरे राज्य से शादी करके नारनौद लाया था। रूपा को प्रतिदिन अत्याचार एवं कलेश का सामना करना पड़ता था।रूपा ने अपनी पहली बेटी, नेहा, के जन्म के बाद घर छोड़ दिया। उसने अपनी दूसरी बेटी को सड़कों पर जन्म दिया, लेकिन उस बच्ची को किसी अन्य व्यक्ति ने पालन-पोषण के लिए अपने साथ ले लिया। इस घटना का रूपा के मानसिक संतुलन पर गहरा प्रभाव पड़ा। इसके बाद रूपा का जीवन लगभग दस वर्षों तक नारनौद की सड़कों पर बीता, जहाँ उसे नशेड़ी लोगों द्वारा लगातार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा।

एक स्टाफ नर्स ने हमें बताया कि शोषण के दौरान रूपा का गर्भपात भी हुआ था। उन्होंने आगे ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रूपा की मदद करने का प्रयास किया, लेकिन गाँव या परिवार के किसी भी व्यक्ति ने उसकी सहायता नहीं की। रूपा के जीवन की यह पीड़ादायक कहानी सुनकर हमारी टीम भावुक हो उठी और इस विषय पर गंभीरता से विचार किया। परिणामस्वरूप, 4 नवंबर 2023 को हमने “हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम” की नींव रखी। वर्तमान में यह आश्रम हिसार में एक किराये की इमारत में संचालित किया जा रहा है।

रूपा इस आश्रम की पहली महिला थीं, और उनकी कहानी ही इस संस्था की स्थापना की प्रेरणा बनी।

**आश्रम की पहली महिला — रूपा**



**पहले**




**अब**

# मासिक खर्च (MONTHLY BUDGET)

| खर्चा (Expense) | राशि (Amount) |
|---|---|
| किराया (Rent) | 20000 |
| नर्सिंग स्टाफ | 15000 |
| केयरटेकर | 9000 |
| डॉक्टर (विज़िट) | 5000 |
| बिजली (Electricity) | 8000-10000 |
| भोजन (रसोई गैस, खाद्य सामग्री) | 40000 |
| दवाइयाँ (Medicines) | 10000 |
| चौकीदार (Watchman) | 8000 |
| मेड (Maid) | 12000 |
| ड्राइवर (Driver) | 15000 |
| योगा (Yoga) | 12000 |
| काउंसलर (Visiting) | 9000 |

# हमारी सेवाएँ (SERVICES)

- सुरक्षित आवास (24×7 Shelter)
- पौष्टिक भोजन (दिन में 3 बार)
- नियमित स्वास्थ्य जांच एवं उपचार
- नर्सिंग एवं देखभाल
- मानसिक स्वास्थ्य सहायता
- पुनर्वास एवं सहायता सेवाएँ
- यहाँ दवाइयाँ और योग कक्षाएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं।



## हमारा प्रयास-मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम ने करवाया मंदबुद्धि बच्ची का ऑपरेशन

नभ-छोर न्यूज ⏭ 28 मई

**हिसार।** हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम की एक मंदबुद्धि लड़की को सिर में दर्द रहने की शिकायत के बाद चिकित्सा जांच में उसकी नसों की ब्लॉकिज पाया गया। इसके बाद आश्रम की टीम ने उसका ऑपरेशन करवाया जो सफल रहा। आश्रम की टीम ने अपने सभी सहयोगी सदस्यों का धन्यवाद भी किया। आश्रम टीम पदाधिकारियों के अनुसार यह मंदबुद्धि लड़की पूजा कुछ दिन पूर्व ही आश्रम में आई थी। उसे पिछले तीन-चार दिन से सिर में दर्द हो रहा था। आश्रम की टीम जब उसकी चिकित्सीय जांच करवाई तो पता चला कि काफी समय से दिक्कत है जिस वजह से इसकी नसों में ब्लॉकिज हो गई है और इसकी जान को भी खतरा है। तुरंत इसका ऑपरेशन करना पड़ेगा। हमारा प्रयास आश्रम की टीम ने पूजा का तुरंत प्रभाव से ऑपरेशन करवाया गया जो सभी लोगो के प्रयास से सफल रहा। ऑपरेशन के दौरान संस्था के पदाधिकारी अनिल बागड़ी, सुमित्रा बागड़ी, सुशील गौतम फ्रांसी, मंजू रानी, रविता सहारवा, अलका चौधरी, डॉ. संजय मित्तल, डॉ. पंकज अरोड़ा, स्नेहा, सुनीता तंवर, किरण आदि मौजूद रहे।






# हमारा दृष्टिकोण (VISION)

- हर मानसिक रूप से असहाय महिला को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिले
- महिलाएँ केवल आश्रय पर निर्भर न रहें, बल्कि धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बन सकें
- समाज में उनके प्रति सम्मान और स्वीकार्यता बढ़े जहाँ देखभाल + चिकित्सा + पुनर्वास एक साथ हो

# गतिविधियाँ (ACTIVITIES)

- आश्रम में रहने वाली महिलाओं की 24×7 देखभाल सुनिश्चित की जाती है
- समय पर भोजन, स्नान, कपड़े और स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है
- जरूरत अनुसार व्यक्तिगत सहायता (personal care) प्रदान की जाती है
- महिलाओं को सुरक्षित एवं परिवार जैसा वातावरण दिया जाता है
- नियमित डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य जांच करवाई जाती है
- आवश्यकता अनुसार दवाइयाँ एवं उपचार उपलब्ध कराया जाता है
- गंभीर स्थिति में अस्पताल रेफर किया जाता है
- महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है
- महिलाओं को दैनिक जीवन कौशल (life skills) सिखाए जाते हैं
- सरल कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने में सहायता की जाती है
- जहाँ संभव हो, परिवार से पुनर्मिलन (rehabilitation) के प्रयास किए जाते हैं
- उनके आत्मविश्वास और व्यवहार सुधार हेतु गतिविधियाँ करवाई जाती हैं
- समय-समय पर सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं

- महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जाती है
- स्थानीय लोगों को सहयोग और संवेदनशीलता के लिए प्रेरित किया जाता है
- सामुदायिक सहभागिता (community engagement) को बढ़ावा दिया जाता है
- संस्था द्वारा योगा को भी बढ़ावा दिया जाता है
- गरीब कन्याओं के विवाह हेतु सहयोग प्रदान करें

# चुनौतियों

- हमारी सबसे पहली चुनौती यह है कि हम इन महिलाओं का पुनर्वास पिछले 3 वर्षों से हिसार में किराए की बिल्डिंग में कर रहे हैं।
- दूसरी चुनौती यह है कि इस आश्रम को चलाने वाली सभी महिलाएं मिडिल क्लास परिवारों से संबंध रखती हैं, जो अपनी छोटी-छोटी नौकरियों से ही आश्रम का संचालन कर रही हैं।
- महिलाओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए बिल्डिंग को बढ़ाना पड़ेगा, जिससे किराया बढ़ने की संभावना है — यह हमारी तीसरी बड़ी चुनौती है।
- भविष्य के लिए इन महिलाओं के लिए अपनी खुद की जमीन खरीदनी है और उस पर स्थायी बिल्डिंग का निर्माण करना है।
- हमारा मासिक खर्च काफी अधिक है, और समय पर पर्याप्त सहयोग नहीं मिल पाने के कारण आश्रम की व्यवस्था में कई दिक्कतें आती हैं।
- मानसिक बीमारियों के इलाज के लिए महिलाओं को सरकारी अस्पताल में दिखाया जाता है, लेकिन दवाइयाँ अक्सर बाहर से लिखी जाती हैं, जिससे मेडिकल खर्च अलग से बढ़ जाता है।
- समय-समय पर डॉक्टरों की टीम द्वारा महिलाओं की काउंसलिंग और अन्य बीमारियों से संबंधित विजिट्स होती हैं, लेकिन इनका खर्च उठाने में हमारी टीम असमर्थ है।

# उपलब्धि (ACHIEVEMENT)

- आश्रम की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह है कि अब तक 25 से अधिक जरूरतमंद एवं असहाय महिलाओं को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ किया गया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया गया। इसके बाद उन्हें उनके परिवारों से पुनः मिलाकर उनके जीवन में नई उम्मीद और खुशियाँ लौटाने का सफल प्रयास किया गया है।
- संस्था की पहल से 5 महिलाओं की पेंशन सफलतापूर्वक शुरू करवाई गई, जिससे उन्हें आर्थिक सहारा और आत्मनिर्भरता मिली।

# आप कैसे सहयोग कर सकते हैं

**दान देने के तरीके**

हमारे आश्रम के कार्यों में सहयोग करने के लिए आप निम्न माध्यमों से दान कर सकते हैं:

**1. ऑनलाइन दान (Online Donation)**

आप हमारे आधिकारिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से आसानी से ऑनलाइन दान कर सकते हैं।

यह तरीका सबसे तेज़ और सुरक्षित है।

**2. UPI के माध्यम से दान (Scanner / UPI)**

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

SCAN AND PAY WITH ANY BHIM UPI

9466894456m@pnb

MAHILA AVAM YOUTH UTPIDAN NIWARAN MANCH

**UPI ID: 9466894456M@PNB**

# आप कैसे सहयोग कर सकते हैं

- आप UPI (Google Pay / PhonePe / Paytm) के जरिए QR कोड स्कैन करके तुरंत दान कर सकते हैं।
- Mobile NO. 9466894456

**बैंक ट्रांसफर (Bank Transfer)**

- Account Number - 1167102100000241
- IFC Code - PUNB0116710


- आप UPI (Google Pay / PhonePe / Paytm) के जरिए QR कोड स्कैन करके तुरंत दान कर सकते हैं।
- Mobile NO. 9466894456

- Turst Name - Mahila Avam Youth Utpidan Niwaran Manch
- आप सीधे बैंक खाते में भी राशि ट्रांसफर कर सकते हैं:
- Account Number: 11671021000241
- (अन्य बैंक विवरण यहाँ जोड़े जा सकते हैं)
- 4. चेक / नकद (Cheque /RTGS / Cash)
- आप चेक या नकद राशि के रूप में भी दान कर सकते हैं|
- चेक आश्रम के नाम पर ही बनाएं|

**आश्रम में आकर दान करें (Visit Ashram)**

- आप सीधे आश्रम में आकर भी दान दे सकते हैं और हमारे कार्यों को नजदीक से देख सकते हैं|
- आपका सहयोग अमूल्य है

# समापन संदेश (CLOSING MESSAGE)

हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद और मानसिक रूप से असहाय महिला को सुरक्षा, देखभाल और सम्मानजनक जीवन मिल सके। हम केवल आश्रम ही नहीं, बल्कि उनके पुनर्वास (Rehabilitation) के माध्यम से उन्हें फिर से एक बेहतर और आत्मनिर्भर जीवन की ओर ले जाने का संकल्प रखते हैं।

आपका छोटा सा सहयोग इन महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद, विश्वास और बदलाव ला सकता है।

आइए, मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहाँ हर महिला को सम्मान और अपनापन मिले।

**यदि आप किसी एक महिला को गोद लेना चाहते हैं, तो आप उनके खर्च का जिम्मा उठाकर उनकी सहायता कर सकते हैं।**

## आपका सहयोग और हमारा प्रयास किसी की ज़िंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है।